आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 21.03.2026
समय : 01:00 पी.एम.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज ब्रज क्षेत्र स्थित गिरीराज जी की परिक्रमा लगा देश में सुख समृद्धि की कामना की। परिक्रमा क्षेत्र के दौरान राष्ट्रपति के राजस्थान पहुंचने पर जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने स्वागत किया। इस मौके पर लोक कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति के स्वागत में भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। ब्रज के प्रसिद्ध मयूर नृत्य और कृष्ण भजन का गायन किया गया। राष्ट्रपति ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और सभी को शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और सशस्त्र सीमा बल अकादमी ने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रशिक्षण और मान्यता को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली में समझौते पर हस्ताक्षर किए है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अकादमिक शोध और सीमा सुरक्षा बलों की जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आवश्यकताओं के बीच के अंतर को खत्म करना है। दोनों संस्थानों ने संकाय विशेषज्ञता, शिक्षण उपकरण और विशेष प्रशिक्षण सुविधाओं सहित संसाधनों के व्यापक आदान–प्रदान के लिए भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पहल से एसएसबी के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के आधुनिक होने की उम्मीद है, जिसमें सीमा निगरानी और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के लिए प्रौद्योगिकी–आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस है। दुनियाभर में जंगलों और जानवरों की कम होती संख्या को संरक्षित करने तथा उनके प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता के तहत ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने नागरिकों से वनों की रक्षा करने और वन्य जीवों को संरक्षित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वन केवल दोहन करने के लिए नहीं है, बल्कि यह अपने आप में जीवन है जिसकी रक्षा और संरक्षण करना आवश्यक है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2012 में 21 मार्च को **अंतरराष्ट्रीय वन दिवस** के रूप में घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में घायल वन्यजीवों के रेस्क्यू को मजबूत बनाने के लिए आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साढे चार सौ मोटरसाइकिलों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

ईद–उल–फितर का त्योहार आज अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। ईद पर मुस्लिम बाहुल्य ईलाकों में तडके से ही विशेष उल्लास दिखाई दे रहा है। जयपुर स्थित रामगंज, गलतागेट, दिल्ली रोड सहित अन्दरूनी इलाकों में बाजारों को सजाया गया है। लोग एक दूसरे के गले लग मुबारकबाद पेश कर रहे है और सेवईयों से मुंह मीठा करवा रहे है। अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर बडी संख्या में अकीदतमंद पंहुचे। इस मौके पर आज के लिए खोले गये जन्नती दरवाजे से गुजरने को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया।

अखण्ड सुहाग का प्रतीक गणगौर का पर्व आज धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

प्रदेशभर में सुहागिनों में गणगौर पूजन को लेकर उत्साह बना हुआ है। सुबह से ही महिलाएं सज संवरकर और हाथों में मेहंदी रचा मंगल गीत गाती हुई ईसर और पार्वती का पूजन कर रही है। जयपुर सहित कई शहरों में गणगौर माता की पारम्परिक सवारी निकाली जायेगी। कई जगह ढोल बाजों के साथ बिन्दोली भी निकाली जा रही है। राजधानी जयपुर में गणगौर की विश्व प्रसिद्ध सवारी

देखने बडी संख्या में पर्यटक पंहुचे है। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित भव्य समारोह में इस बार कई नवाचार जोड़े गए हैं। सजी–धजी पालकियों, ऊंट, घोड़े और हाथियों के लवाजमे की संख्या में बढोतरी कर शोभायात्रा को और अधिक भव्य बनाया गया है। दो दिन के महोत्सव में राज्यभर के लोककलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।